तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025



13 जनजातीय परिवारों को बैंकिंग सुविधा और साइबर फ्रॉड से ...



14 नवरात्रि के पहले दिन पंडाल और मंदिरों में ...






## नवरात्रि विशेष



### द्वितीय: ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना

करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।

देवि प्रसीदतु मयि

ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

# ग्राम पंचायत जेंवरतला में 5.7 लाख से बना सेग्रिगेशन शेड बना शोपीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत जेंवरतला में 5.7 लाख की लागत से बना सेग्रिगेशन शेड शोपीस बन गया है। यहां कचरो का सही तरीके से निष्पादन नही हो रहा है और न ही यह आजीविका कार्य कलाप के लिए उपयोगी रहा है। यह मात्र शासन की राशि का दुरूपयोग ही साबित हो रहा है।

ग्राम पंचायत जेंवरतला में सितंबर 2022 मे सेग्रिगेशन शेड का निर्माण प्रारंभ हुआ, जो फरवरी 2023 मे पूरा हो गया। लेकिन यह सेग्रिगेशन शेड ग्रामीणों के लिए आजीविका का माध्यम नही बन सका। पंचायत आमजनता को सुविधा देने के प्रति कितनी लापरवाह है। यह इसी बात से समझा जा सकता है कि पंचायत सेग्रिगेशन शेड निर्माण के दो साल बाद भी मुख्य मार्ग से शेड तक पहुंच मार्ग नहीं बना सकी। एक पुल बना दिया लेकिन पुल के दोनो ओर मुरुम नही डाला। जिससे शेड तक पहुंचने के लिए कीचड़ भरे गड्ढों से होकर जाना पड़ता है। ऐसे मे कचरा वहां तक कैसे पहुचेगा। पंचायत की लापरवाही का दूसरा उदाहरण यहां बना शौचालय है। जहां शौचालय के नाम पर ढांचा खड़ाकर दिया गया। उसके पीछे सेप्टिक टैंक बना दिया, लेकिन ढांचा के अंदर सीट कहीं नजर नहीं आई। वहीं शौचालय के ढांचा के पीछे बना टैंक ढांचा के धरातल से ऊपर है।

## कचरा निस्तारण की जगह बना उपेक्षा का केंद्र

### व्यवस्था का अभाव

जिससे यदि पंचायत ने सीट लगाई भी जाती तो सीट का पानी टैंक मे जाने के स्थान पर टैंक का पानी सीट में आता, शायद इसलिए सीट लगाने की मेहनत पंचायत ने नहीं की। ढांचा में दरवाजा लगाने के निशान थे, लेकिन दरवाजा नदारद था। वहीं शौचालय के इस ढांचे में कही भी पाईप लाइन बिछाने का निशान नजर नहीं आया। अर्थात पंचायत ने यहां पानी की व्यवस्था करना जरूरी नहीं समझा। सेग्रिगेशन शेड में ताला देखकर लगा रहा था कि उसे वर्शों से खोला नहीं गया।



### मरम्मत कराने का प्रस्ताव लेने की तैयारी

मामले में सचिव दानीराम गंजीर ने कहा शौचालय का मरम्मत कराने का प्रस्ताव लेने की तैयारी की जा रही है। शेड में कचरा संग्रहण का कार्य होता है।

## कार्रवाई : आरोपियों के कब्जे से 1 मोबाइल, 5 एटीएम कार्ड और 1 पेन कार्ड जब्त

# शेयर ट्रेडिंग का चक्कर : फंस गए पढ़े लिखे प्राइवेट डाक्टर, 50 लाख गंवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 50 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के 2 आरोपी को औरंगाबाद महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में बालोद पुलिस को बड़ी सफलता मिली। आरोपियों ने बालोद के प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर से शेयर ट्रेडिंग में अधिक लाभ देने का झांसा देकर किए थे 50 लाख की ठगी किए थे। साइबर सेल बालोद व थाना बालोद से विशेष टीम बनी थी। आरोपियों के कब्जे से 5 नग एटीएम कार्ड, एक नग पेन कार्ड, एक नग मोबाइल सेट बरामद किया गया।

एक टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु मुंबई और औरंगाबाद महाराष्ट्र राज्य भेजा गया, टीम द्वारा औरंगाबाद महाराष्ट्र जाकर वहां कैम्प कर लोकल मुखबिर लगाकर और लोकल थाना के सहयोग से प्रकरण में 2 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामला थाना बालोद क्षेत्र का है, 27 मार्च 25 को प्राथएँ जो उम्मीद हॉस्पिटल बालोद में डॉक्टर है ने थाना मे एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 जनवरी से 10 फरवरी तक शेयर ट्रेडिंग ग्रुप में ऐड होकर अधिक लाभ देने के नाम से प्राथएँ को अलग अलग किस्तों में यूपीआई के माध्यम से कुल 50,38,206 रुपए अलग अलग राज्यों के कई बैंक खातो में डलवा कर धोखाधड़ी किया गया है, इस रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 318(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।



### महाराष्ट्र से 2 आरोपी गिरफ्तार

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालोद द्वारा थाना बालोद और साइबर सेल से विशेष टीम बना कर प्रकरण के आरोपियों को जल्द पकड़ने निर्देशित किया गया। शेयर ट्रेडिंग के ऐप, बैंक खातों की जानकारी, तकनीकी जानकारी के साथ आरोपियों की पुख्ता जानकारी होने पर टीम मुंबई और औरंगाबाद महाराष्ट्र रवाना किया गया। टीम वहां पहुंच कर कैंप कर लोकल पुलिस की मदद से संदेहियों की जानकारी प्राप्त कर आरोपियों को घेरा बंदी कर टीम ने प्रकरण में दो आरोपियों जिनमे नाम जवाहर कालोनी बोधनगर थाना जवाहर नगर जिला औरंगाबाद महाराष्ट्र निवासी प्रेम जाधव पिता अशोक जाधव 23 वर्ष, जवाहर कालोनी बोधनगर थाना जवाहर नगर जिला औरंगाबाद महाराष्ट्र गौरव गणेश जाधव पिता गणेश जाधव 19 वर्ष को गिरफ्तार कर जिला बालोद लाया गया। आरोपियों के कब्जे से 1 नग मोबाइल फोन, 5 नग एटीएम कार्ड, 1 नग पेन कार्ड जप्त किया गया है। आरोपियों को 21 सितंबर को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## ससुर ने दामाद पर नाती का एक्सीडेंट करने का लगाया आरोप, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ससुर ने अपने दामाद पर गाड़ी चलाकर नाती को घायल करने का आरोप लगाते हुए दामाद के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है।

जिसके बाद पुलिस द्वारा धारा 184 एलकेएस, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम झलमला स्कूलपारा वार्ड क्रमांक 08 निवासी ओंकार साहू ने पुलिस को बताया कि 21 सितंबर को मैं दल्ली राजहरा में था दोपहर मुझे सूचना मिला कि मेरे दामाद कौशल साहू एवं भतीजी तुलसी साहू तथा नाती प्रियांश साहू उम्र 01 वर्ष तीनो मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 एपी 9456 से ग्राम खपरी थाना अर्जुनी जिला धमतरी से ग्राम झलमला आ रहे थे, जिसका ग्राम सांकरा पुल के पास एक्सीडेन्ट हो गया है, जिसे जिला अस्पताल बालोद लाये है, सूचना मिलने पर मैं जिला अस्पताल बालोद पहुंचा तो देखा कि मेरी भतीजी तुलसी साहू के हाथ, पैर में चोट लगने से ईलाज चल रहा है तथा दामाद कौशल साहू को ईलाज हेतु धमतरी अस्पताल रिफर किया गया है तथा नाती प्रियांश साहू का एक्सीडेन्ट से आयी चोट से फौत हो गया है।

## वर्कशाप के पास तीन चोर ले गए बाइक

**कुसुमकसा।** जानकी फ्यूल कुसुमकसा के समीप जय अम्बे मोटर बाडी वर्कशाप के पास रखी मोटर सायकल को अज्ञात तीन युवक चोरी कर ले गए। चिखलाकसा निवासी धीरज मारकंडे ने बताया की रविवार को हीरो स्पेंडलर मोटर सायकल सी जी 24 जे 7461 से कुसुमकसा गया था। रात्रि में बारिश होने के कारण मोटर सायकल को जय अम्बे मोटर बाड़ी वर्कशॉप के मुख्य द्वार के पास रखकर दूसरे के साथ अपने घर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय करेंगे महतारी सदन का वर्चुअल शुभारंभ



**गुरूर।** ग्राम पंचायत करेंझर अंतर्गत राजाराव पठार में मुख्यमंत्री साय विकास खण्ड के प्रथम महतारी सदन का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। समारोह प्रातः 11 बजे प्रारंभ होगा। राजाराव पठार में होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि होंगे। सांसद भोजराज नाग व अन्य जन प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भाजपा ने अपने चुनावी घोशणा पत्र में प्रत्येक पंचायत में महतारी सदन का वादा किया था। इसके तहत विकासखण्ड का पहला महतारी सदन बनकर तैयार है। जिसे मुख्यमंत्री महिलाओं को सौंपेंगे। जहां कार्यक्रम में महिला स्व सहायता समूहों, लखपति दीदीयों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ टु वे कम्यूनिकेशन में संवाद करेंगे।

सामाजिक गतिविधियों और खेल-कूद के लिए मैदान की बढ़ी उपयोगिता

# डिवाइडर व नाली निर्माण के लिए अवैध निर्माण हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के सौदर्यीकरण के तहत चल रहे डिवाईडर निर्माण के तहत जिला मुख्यालय स्थित सरदार पटेल मैदान के बाउड्रीवाल टूटने से कई नागरिक काफी खुश है तथायह मांग करते दिख रहे है शहर के बीचो बीच स्थित इस मैदान का बाउड्रीवाल दुबारा नही बनना चाहिए, क्योकि दीवाल के कारण ही असामाजिक तत्वो का जमावड़ा इस मैदान मे रहता है।

- सदर पटेल मैदान अब और अधिक आकर्षक और सुरक्षित बन गया

जिला मुख्यालय मे सौदर्यीकरण के तहत दल्ली चौक से मधु चौक तक मुख्य सड़क मे डिवाईडर के साथ नाली निर्माण का कार्य जारी है, इसी निर्माण के कारण सड़क चौड़ीकरण के तहत सड़क किनारे स्थित दुकानो के अवैध कब्जा व निर्माण को हटाया जा रहा है ताकि डिवाईडर के कारण सड़के सकरी न हो और सड़को के किनारे नाली निर्माण भी किया जा सके। जिसके तहत अन्य निर्माण कार्यो को ध्वस्त करने के दौरान सरदार पटेल मैदान भी इसकी सीमा मे आ गया, जिसके कारण पटेल मैदान के दिवाल को तोड़ा गया जिसके कारण अब मैदान घेरा मुक्त हो गया है। इस दिवाल के टूटने पर शहर के कई वरिष्ठ नागरिको ने खुशी जाहिर करते हुए पुनः इस दिवाल के निर्माण न करने की ईच्छा व्यक्त की है। चर्चा के दौरान नागरिको ने बताया कि इस दिवाल के कारण दिन ब दिन मैदान मे असामाजिक तत्वो का जमावड़ा बढ़ते जा रहा था, जिसके कारण इसके आस पास रहने वाले या इस मैदान से गुजरने वालो को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा था तथा रात के साथ दिन मे भी असामाजिक तत्व पीने पीलाने के साथ गांजा, भांग का मैदान मे खुलेआम बैठकर सेवन करते आसानी से देखा जा सकता था। जहां शाम व रात होते ही इस मैदान मे दोपहिया तो दूर पैदल सफर करने से भी लोग हिचकिचाते थे तथा महिलाएं व लड़कियो का इस मैदान से रात को गुजरना नामुमकिन सा हो गया था।

यह सभी कार्य मैदान का दिवाल होने के कारण संभव हो रहा था, लेकिन वर्तमान मे चल रहे निर्माण के कारण दिवाल टूटने से अब मैदान खुला हो गया है तथा मैदान पूरी तरह से खुला होने के कारण अब असामाजिक तत्व इस मैदान मे दूर दूर तक नही दिखते, जिसके कारण नागरिको ने मांग की है कि इस दिवाल को वापस ना बनाकर इस मैदान को पुरी तरह खुला ही रखा जाए ताकि ▶▶| शेष पेज 12 पर







लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

• बी एससी नर्सिंग* • डी फार्मेसी*

प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा | सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं | छात्रावास एवं परिवहन सुविधा | अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं | 5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय | हरा और हाईटेक परिसर | योग्य एवं अनुभवी संकाय | 108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल

मुख्य परिसर

लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग

सिटी परिसर

लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर

91318 80895, 97706 60186, 70241 25200



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI DAGANIA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.

New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN (10th Pass) 2 Year

• C.O.P.A.* (Computer) (10th Pass) 1 Year

अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

89595-93937 • 89595-44444


## खड़े ट्रक को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कार

**बालोद।** खड़े ट्रक को सामने से आ रही तेज रफ्तार एक अन्य ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिसस खड़े ट्रक का कई हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद ट्रक मालिक द्वारा आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड क्र0 13 स्टेशन पारा राजनांदगांव निवासी मनीष बंजारे ने पुलिस को बताया कि 16 सितंबर को मै अपने वाहन टाटा आइशर ट्रक क्रमांक सीजी 08 ए वाई 7139 में राजनांदगांव से दाल लेकर दल्लीराजहरा सुबह करीबन 9.30 बजे आया था, मै उक्त ट्रक को वार्ड क्र0 19 सुभाष चौक राजहरा दुकान के सामने रोड किनारे राजहरा में खडा कर माल खाली कर रहा था उसी समय सुबह करीबन 10 बजे कच्चे की ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा दिवस मना

**दुर्ग।** रजत जयंती के अवसर पर कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-07 भिलाई सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र, छात्रा सम्मिलित हुए। कार्यकम में उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अधिकारी, एपी गौतम, डॉ. लखन चौधरी, उप प्राचार्य, डॉ. ए. नागमणी, एनसीसी प्रभारी, डॉ. सलीम अकील, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर, अजय कल्याणी, संचालक, कल्याणी नशामुक्ति केन्द्र दुर्ग, पी.एल. साव, युगल किशोर साहू, डॉ.प्रखर, डॉ. योगेन्द्र कुमार, गायत्री परिवार दुर्ग तथा समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण एवं एनसीसी के छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

### मानव श्रृखंला बनाकर स्वच्छता का दिया संदेश



**भिलाई।** रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता ही सेवा 2025 अंतर्गत शनिवार को जोन क्रमांक 3 में युग निर्माण स्कूल के पास स्थित जीवीपी पॉइंट का विलोपन किया गया। इस अवसर पर पार्षद इंजीनियर सलमान, भोला साहू पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र दिवाकर, पार्षद प्रतिनिधि एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, पी.आई.यू., अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी एवं सुश्री युक्ति देवांगन, ज़ोन 3 के जोनल विनोद एवं अन्य सुपरवाइजर एवं सफाई मित्र शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा 2025 अंतर्गत जोन क्रमांक 04 क्षेत्रान्तर्गत स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृखंला बनाया। मानव श्रृंखला का निर्माण पश्चात स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया। स्कूल के शिक्षक एवं बच्चों द्वारा वृक्षारोपण कर स्कूल परिसर में साफ सफाई किया गया, साथ ही स्वच्छता जागरूकता के लिए शपथ दिलाया गया है। इस अवसर पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# पुलगांव मुक्तिधाम परिसर में शेड व प्रतीक्षालय लोकार्पित, मिलेगी सुविधा

## कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव व महापौर अलका बाघमार ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 55 पुलगांव मुक्तिधाम परिसर में लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत लगभग 31.49 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित शेड एवं प्रतीक्षालय का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार और सभापति श्याम शर्मा ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुक्तिधाम में नव निर्मित शेड और प्रतीक्षालय नागरिकों के लिए बेहतर सुविधा और आरामदायक व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे। बारिश, धूप या अन्य मौसम में श्रद्धांजलि सभा के दौरान लोगों को अब परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। साथ ही परिसर को रंगरोगन और सौंदर्यीकरण से आकर्षक और साफ-सुथरा रूप दिया गया है।

कार्यक्रम में आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, लीलाधर पाल, नीलेश अग्रवाल, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, संजय अग्रवाल, साजन जोसफ, पार्षद अश्वनी निषाद, सविता साहू, पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपअभियंता पंकज साहू सहित क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे।

### वार्ड के हर क्षेत्र में किया जा रहा विकास लोगों को मिले सहज मूलभूत सुविधा : गजेंद्र

लोकार्पण अवसर पर कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि निगम क्षेत्र के हर वार्ड में विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि निगम प्रशासन लगातार नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है। आने वाले समय में शहर के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इसी तरह के विकास कार्य किए जाएंगे। सभापति श्याम शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।



## आयोजन : महात्मा गांधी कलामंदिर में बहुमत की वैचारिक संगोष्ठी

# मीडिया बने भारतबोध का माध्यम- डॉ. संजय

### भारत भावबोध, भारतीयता और हिंदी पत्रकारिता पर रखे विचार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वसुंधरा पत्रिका द्वारा हिंदी पत्रकारिता की द्विशती पर आज रविवार को महात्मा गांधी कलामंदिर में भारत भावबोध, भारतीयता और हिंदी पत्रकारिता विषय पर वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव थे।

वरिष्ठ लेखक अनंत विजय और भारतीय जन संचार संस्थान दिल्ली के पूर्व महानिदेशक और माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के आचार्य डां. संजय द्विवेदी मुख्य वक्ता और छग साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा अतिथि वक्ता थे। मंच पर दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर और दुर्ग विश्वविद्यालय के कुलपति संजय तिवारी भी मंच पर उपस्थित थे।

विधि विधायी मंत्री श्री यादव ने अपने उदबोधन में कहा कि हिंदू सनातन संस्कृति के साथ देश में अमृतकाल चल रहा है। इस दौरान विश्व में भारत की स्थिति बहुत अनुकूल व सुदृढ़ हुई है। विश्व के 95 प्रतिशत सीईओ भारत या भारतीय मूल के हैं। वर्ष 2014 के पहले कोई कथावाचक गौ और हिंदू का बात नहीं करता था। लेकिन अब हर कथावाचक हिंदू संस्कृति की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय पत्रकारिता का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। पत्रकार विश्वसनीयता व सकारात्मक समाचारों से समाज को और बेहतर दिशा दें। शशांक शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता के पूर्व पत्रकारिता के मिशन थी, लेकिन 1947 के बाद हिंदी पत्रकारिता से भारतबोध व भारतीयता का लोप हुआ है। हिंदी पत्रकारिता की दशा व दिशा तभी सुधरेगी जब समाज की दशा व दिशा नहीं सुधरेगी। उन्होंने 2 सौ साल की पत्रकारिता के मूर्धन्य पत्रकारों के चित्रों में महात्मा गांधी की तस्वीर नहीं होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि गांधी के अकेले आजादी दिलाने व राष्ट्रपिता होने जैसी स्थापना को खारिज किया जा सकता है लेकिन उनके पत्रकार होने को खारिज नहीं किया जा सकता।

डां. संजय द्विवेदी ने कहा कि समाज अधोपतन की ओर जाए और पत्रकारिता शीर्ष पर जाए, यह संभव नही है। आज अखबार पढ़ने ही नहीं वरन पेज नहीं पलटने वाले भी हिंदी पत्रकारिता के पतन की बात करते हैं। आज पाठक रील देख रहे हैं और जो बच गए वे रील बना रहे हैं। हर किसी को अपना कर्म श्रेष्ठ और दूसरे का तुच्छ लगता है। हमें सोचना होगा हम कैसा भारत बना रहे हैं। भारतबोध केवल भूगोल नही है।

हम ऋषि परंपरा के लोग हैं जड़ नहीं हैं। किसान से लेकर सैनिक तक सभी देश के लिए बेहतर कर रहे हैं। आज का अखबार एक पूर्ण समाचार पत्र है। उन्होंने कहा कि हमें हर क्षेत्र में समान संवेदना विकसित करना होगा। हमारा संवाद और संचार लोक मंगल के लिए हो और मीडिया भारतबोध का माध्यम बने। तकनीक को दोष न दें उसका सकारात्मक इस्तेमाल सीखें। अनंत विजय ने कहा कि यदि किस देश को नष्ट करना है तो वहां की भाषा को खत्म कर दो। आज सुनियोजित तरीके से हमारी भाषा को खत्म किया जा रहा है। हमें अंग्रेजी का मोह छोड़ हिंदी पत्रकारिता में भारतबोध जगाने अपनी भाषा को बचाना होगा। आज पत्रकारिता में सिंहावलोकन नहीं हो रहा है अंग्रेजी पत्रकारिता ने हमारे लोक को फोक बना दिया है। हमें अपने अतीत पर गर्व कर भारत बोध नहीं हिंदूबोध जगाना होगा।

#### एकाग्र व बहुमत के अंक का विमोचन

मुख्य अतिथि ने एकाग्र व बहुमत पत्रिका के विशेषांक का विमोचन किया।अतिथियों का स्वागत दिनेश वाजपेयी, बीएसपी ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर,वरिष्ठ पत्रकार ईवी मुरली ने किया। अरविंद पाडेय इंद्रजीत सिंह छोटू, दिनेश वाजपेयी आदि ने किया। राज्य गीत लोकगायिका रजनी रजक व राष्ट्र गीत सोनाली चक्रवर्ती ने गाया। गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पत्रकार विश्वेश ठाकरे और श्वेता उपाध्याय व आभार प्रदर्शन सुमन कन्नौजिया ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रमशीला साहू, प्रो.डीएन शर्मा ओए के महासचिव अंकुर मिश्रा, पूर्व जीएस परविंदर सिंह,डीजीएम यशवंत साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष केएन राय, साहित्यकार लोकबाबू व विजय वर्तमान आदि गणमान्य जन उपस्थित थे।

## बिहार से लौटकर विधायक देवेंद्र यादव ने सुनी लोगों की समस्याएं



**भिलाई।** भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र यादव अपने सेक्टर-5 स्थित विधायक निवास में लोगों से भेंट-मुलाकात किए। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक, महिला-पुरुष और युवा विधायक से मिलने पहुंचे। सुबह से ही विधायक निवास पर लोगों का आना-जाना लगा रहा। लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। इसमें स्थानीय स्तर की जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। नागरिकों ने पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था से संबंधित मुद्दे सामने रखे। कई लोगों ने व्यक्तिगत परेशानियाँ भी बताईं और समाधान की उम्मीद जताई। विधायक यादव ने सभी लोगों की बात ध्यान से सुनी और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है और किसी भी समस्या को हल करने में पूरी कोशिश की जाएगी। इस दौरान विधायक ने मौजूद लोगों से आत्मीयता से बातचीत की। क्षेत्र के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ समाज निर्माण में योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनता से सीधे जुड़कर ही जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारियों को सही मायनों में निभा सकता है। लोगों ने विधायक की सहजता और संवेदनशील रवैये की सराहना की। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## चिट्टा के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को चार ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

कुम्हारी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि लवप्रीत सिंह उर्फ करण निवासी शंकर नगर कुम्हारी अपने पास चिट्टा अवैध रूप से रखा हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। पुलिस ने तुरंत अहिरवारा रोड में रेड मारी और घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से पॉलिथिन मे रखा चिट्टा जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 21 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# स्कूलों को मॉडल बनाने डीपीआई, डिप्टी डायरेक्टर चावरे ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लोक शिक्षण संचालनालय के डिप्टी डॉयरेक्टर आशुतोष चावरे ने दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग एवं विकासखंड पाटन के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि विद्यालयों की ऐसे मॉनिटरिंग की आवश्यकता है जिसमें विद्यालयों के अकादमिक स्तर में आमूल चूल परिवर्तन हो। साथ ही विद्यालय के अन्य पहलुओं में भी सुधार हो। जिससे जिले के अधिक से अधिक विद्यालय मॉडल स्वरूप विकसित हो सके।



### डीईओ, बीईओ, संकुल समंवयकों की बैठक लेकर बनाई रणनीति

डिप्टी डॉयरेक्टर चावरे ने रविवार को को जिले के समस्त सहायक संचालक को विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वय को की बैठक लेकर विस्तार से किन-किन बिंदुओं पर मॉनिटरिंग किया जाना है। कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के अकादमी स्तर को किस प्रकार बेहतर किया जा सकता सुझावात्मक उपाय बताए गए ।उन्होंने जिले के प्रत्येक विधानसभा के दो विद्यालयों को मॉडल स्कूल में विकसित करने, हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों की ई- क्लास रूम को अपडेट करने के निर्देश भी दिए।

### हिन्दी व अंग्रेजी धाराप्रवाह बोलें बच्चे

डिप्टी डॉयरेक्टर चावने ने कहा कि प्रत्येक विकासखंड के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शत प्रतिशत बच्चे कक्षा की दक्षता अनुरूप हिंदी एवं अंग्रेजी धारा प्रवाह पढ़ सके। कक्षा अनुरूप गणित की संक्रियाओं को कर सके। इसके लिए विकास करों को लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विकास करो में आपस में प्रतिस्पर्धा रखी गई है। विकासखंड द्वारा उनके द्वारा निर्धारित समय अवधि में अधिक से अधिक लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

## त्याग और मानवता का संदेश देने गुरु तेग बहादुर का नगर कीर्तन पहुंचा भिलाई, किया स्वागत

**भिलाई।** शहीदां दे सरताज, धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक नगर कीर्तन आज छत्तीसगढ़ भिलाई पहुंचा। यह नगर कीर्तन असम धुबरी के पावन गुरुद्वारा साहिब से चलकर सुबह सवा 10 बजे भिलाई के कुम्हारी टोल प्लाजा पहुँचा, जहाँ छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई एवं यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने संगत सहित गुरु घर की हाजिरी भरते हुए हर्षोल्लास से स्वागत किया।

नगर कीर्तन के बाद चरोदा, खुर्सीपार, पावर हाउस, सुपेला घड़ी चौक एवं नेहरू नगर चौक से होते हुए दुर्ग पहुँचा। जहां हर पड़ाव पर संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप के दर्शन किए और 10 मिनट तक नाम सिमरन व कीर्तन की रसधारा में शामिल होकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि सिख इतिहास की अमर गाथा को स्मरण करता है बल्कि समाज को भाईचारे, त्याग और मानवता का संदेश भी देता है। इस अवसर पर मलकीत सिंह, जसवंत सिंह सैनी, हरपाल सिंह, हरजिंदर सिंह, यशदीप सिंह, सोम सिंह और समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



# नशा मुक्ति थीम पर मैराथन कार्यक्रम

## रजत जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- नशामुक्ति का दिलाया गया संकल्प

रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जिले में सेवा पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशामुक्ति थीम पर मैराथन कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गांधी चौक हिन्दी भवन के सामने दुर्ग में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 200 छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ महात्मा गांधी की पूजा अर्चना, दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। उसके पश्चात मैराथन दौड़ में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को उपस्थित जनप्रतिधियों एवं अधिकारियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया गया। यह मैराथन दौड़ महात्मा गांधी चौक से नगर पालिक निगम दुर्ग होते हुए पुनः वापिस महात्मा गांधी चौक में समाप्त हुआ। उक्त अवसर पर सम्मिलित छात्र, छात्राओं को नशामुक्ति पर आधारित स्लोगन मय टी-शर्ट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में वेदनारायण चन्द्राकर, पार्षद, लीलाधर पाल, पार्षद एवं मेयर इन कॉउंसिलिंग मेंबर, सुमीत अग्रवाल, आयुक्त, नगर पालिक निगम दुर्ग, उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अधिकारी, एपी गौतम, श्रीमती शुक्ला, जिला शिक्षा विभाग दुर्ग तरुण साहू, साइंस कॉलेज दुर्ग तथा समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में नशीले पदार्थों एवं मादक द्रव्यों के दुष्प्रभाव की जानकारी दी। लोगों में जनजागरुकता प्रचारित-प्रसारित कर स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज निर्माण करने का संदेश दिया गया।



# गबन : शिक्षा विभाग के तीन प्राचार्य सहित 4 निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राज्य शासन ने दुर्ग जिला शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार एक मामले में एक साथ 3 प्राचार्य और एक शिक्षक को निलंबित किया गया है। इन पर 1.84 लाख रुपए गबन करने की जांच चल रही थी। दो साल पहले एक शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

जिसकी शिकायत मार्च 2024 में प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी ने दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से फरीदनगर के प्रभारी प्राचार्य नौशाद खान समेत शिक्षक निजामुद्दीन के विरुद्ध की थी। शिकायत में बताया गया कि फरीदनगर के प्रभारी प्राचार्य नौशाद खान ने दुर्ग के तकियापारा के प्रभारी रहते हुए संकुल केंद्र के अकाउंट को हैंडओवर न करते हुए दो-दो फर्जी अकाउंट संचालित कर लाखों रुपए का गबन किया है। उनके साथ निजामुद्दीन भी इस अकाउंट संचालन में शामिल था। शिकायत के बाद हुई जांच में पाया गया कि नौशाद खान और निजामुद्दीन ने मिलकर करीब 1,84,000 रुपए का गबन किया है। उसी जांच में यह भी सामने आया कि बाद में तकियापारा में पदस्थ हुईं दो महिला प्राचार्य वंदना पांडे व आशा टेकाम ने इस गड़बड़ी की जानकारी होने के बाद भी आपत्ति नहीं प्रकट की, जिससे उन्हें भी भ्रष्टाचार में शामिल माना गया और निलंबित किया गया।




#### राज्य ने निलंबित कर दिया है

गबन की जांच के बाद राज्य शासन ने तीन प्राचार्य व एक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। आदेश का परिपालन में संबंधितों के खिलाफ आगे की विभागीय कार्रवाई चलेगी।

\- अरविंद मिश्रा
जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

### चार प्राचार्य व शिक्षक एक साथ निलंबित

एक ही शिकायत पर चार लोगों को एक साथ निलंबित किया गया। यह निलंबन कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ शिक्षा विभाग की कठोर कार्रवाई का प्रतीक है और यह संदेश देती है कि विभाग में ईमानदारी और पारदर्शिता स्थापित करने के लिए किसी भी स्तर पर गलत कार्य स्वीकार्य नहीं होगा।पवन केसवानी द्वारा 4 मार्च 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी और 8 मार्च 2024 को कलेक्टर को दी गई शिकायत के डेढ़ साल बाद यह निलंबन हुआ है, जिससे साफ होता है कि इस प्रकार की गंभीर शिकायतों पर सरकार और प्रशासन कार्रवाई करने के लिए गंभीर हैं।

# सुरही नदी एनीकट में बहा युवक, शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग संभाग अंतर्गत बेमेतरा जिले में रविवार को ग्राम देवकर में सुरही नदी पर बने एनीकट में एक बच्चा बह गया। सूचना मिलते ही बेमेतरा पुलिस ने दुर्ग एसडीआरएफ टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही टीम वहां पहुंची और पानी के अंदर से शव को बरामद किया।

एसडीआरएफ दुर्ग के प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बेमेतरा कंट्रोल रूम से उन्हें सूचना मिली थी कि चौकी देवकर अंतर्गत आने वाले देवकर गांव में सुरही नदी पर बने एनीकट में एक युवक बह गया है। उनकी टीम सूचना मिलते ही रवाना हुई। घटनास्थल पहुंचकर पता किया गया तो पता चला कि 11 साल का लड़का जिसका नाम मयंक देवांगन पिता गणेश देवांगन है वो पानी में बहा है। एसडीआरएफ जवानो ने डीप डाइविंग और जाल डालकर शव की तलाश की। कई घंटे तक तलाश के बाद शव को पानी के अंदर से निकाला गया और बेमेतरा पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है।



## पेज 11 के शेष

### वर्कशाप के पास तीन ...

आ गया था। सोमवार को सुबह अपनी मोटर सायकल लेने कुसुमकसा पहुंचा तो मोटर सायकल वहा नही था। आसपास मोटर सायकल की पटासाजी कर खोजबीन की गई नही मिलने पर सी सी टीवी खंगाला गया। उसमे रात्रि में तीन अज्ञात युवक दिखे जो मोटर सायकल लेकर जा रहे थे।

### डिवाइडर व नाली ...

असामाजिक तत्वो को बढ़ावा न मिले। वही मैदान का दिवाल टूटने से मैदान के जगह मे वृद्धि हुई है तथा कार्यक्रम के लिए भी और जगह बड़ा है तथा मैदान खुला होने से यहां बच्चे आसानी से खेल पाएंगे और पार्किंग के लिए गाड़ियां आसानी से आ जा सकेगी। वरिष्ठो ने मांग की है कि इस मैदान के एक कोने मे एक गार्डन का निर्माण हो जिससे यहां पहुंचने वाले पालक अपने बच्चो के साथ कुछ समय व्यतीत कर सके ताकि आस पास का माहौल ठीक हो सके।

### खड़े ट्रक को तेज रफ्तार ...

ओर से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएफ 4010 के चालक मेरी खडी आईशर ट्रक क्रमांक 08 ए वाई 7139 को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे मेरे ट्रक के पीछे डाला, बम्फर, बेक लाईट व अन्य भाग क्षतिग्रस्त हो गया है।

## खबर संक्षेप

### बाइक को स्कार्पियो ने मारी ठोकर, जुर्म दर्ज

**बालोद।** पेट्रोल डलवाने जा रहे बाईक सवार को स्कार्पियो ने ठोकर मार दिया। जिससे बाईक सवार घायल हो गया। जिसके बाद बाईक सवार की पुत्री के द्वारा आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टिकरापारा बालोद वार्ड क्रमांक 04 निवासी मेनका मण्डावी ने पुलिस को बताया कि 14 सितंबर को मेरे पिता पवन मण्डावी अपने दोस्त धर्मेन्द्र साहू के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 एल 1339 में पेट्रोल ड़लवाने पेट्रोल पम्प जा रहा था, घड़ी चौक बालोद के पास पहुंचे थे उसी समय सामने की ओर से आ रही स्कार्पियों क्रमांक सीजी 07 एनए 6500 के चालक द्वारा मेरे पिताजी की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 एल 1339 को ठोकर एक्सीडेन्ट कर दिया। एक्सीडेन्ट करने से मेरे पिता जी नीचे गिर गये जिससे उनके बाएं पैर में चोट लगा है तथा मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हुआ है। मेरे पिताजी को ईलाज हेतु निजी अस्पताल बालोद में भतएँ किये थे जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर में भतएँ किये है, जहां ईलाज चल रहा है।

### फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए खेल महोत्सव

**बालोद।** सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत जिले के ग्रामीण, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने तथा फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए युवाओं को वेबसाईट में 25 सितम्बर तक अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। सांसद खेल महोत्सव के अवसर पर जिले में ग्रामीण, विधानसभा एवं लोकसभा स्तर पर अलग–अलग अवधियों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस खेल महोत्सव में तीन आयु वर्गों 18 वर्ष तक, 18–40 वर्ष, और 40 वर्ष से अधिक के महिला व पुरूष प्रतिभागियों को शामिल होने का मौका मिलेगा। महोत्सव में विविध खेल और मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिसमें खो–खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, 100 मीटर दौड़, रस्साकशी, गेड़ी दौड़, गिल्ली–डंडा, और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल शामिल हैं। इसके साथ ही फिट इंडिया कार्निवल और मनोरंजन गतिविधियों का भी आयोजन होगा, जो प्रतिभागियों के लिए आनंददायक अनुभव लेकर आएगा।

### ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष बने संदीप

**लाटाबोड़।** 19 सितम्बर को ग्रामीण लाटाबोड़ साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह ग्राम के साहू भवन के प्रांगण में संपन्न हुआ। ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष संदीप कुमार साहू बनाये गये वही नेमूराम साहू को उपाध्यक्ष एवं दुलेश्वर साहू को संगठन सचिव एवं भद्रकला साहू को महिला उपाध्यक्ष एवं सविता कल्याणी को महिला संगठन सचिव बनाया गया। जिसमें पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष डोमार सिंह कुंवर एवं परक्षेत्रीय अध्यक्ष गंगा प्रसाद साहू एवं हरीश साहू मूलचंद साहू भीषम सार्वा डोमनलाल साहू दयानंद साहू मनीष साहू प्रीतम साहू टूपेन्द्र साहू संजय साहू पंकज साहू शामिल थे नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप साहू ने समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज की नियमावली तथा न्यायसंगत कार्य के अनुरूप कार्य करने की बात कही साहू समाज एक विशाल समाज है। बड़े समाज होने के साथ-साथ विचार भी बड़ा होना चाहिए। सामाजिक समरसता तथा समाज की बुराई का अंत, नशा मुक्त समाज तथा सही संस्कार से ही समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि धरातल को कभी ना भूले।

### घर में लगी आग लाखों का सामान जला

**भिलाई।** भिलाई के नेहरू नगर में अग्रसेन चौक के पास स्थित एक मकान में रविवार को आग लग गई। आग लगने से घर के अंदर रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। स्मृति नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आयोजन :** बाल विवाह मुक्त भारत और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई

# आदि कर्मयोगी अभियान के माध्यम से जनजातीय अंचलों में समग्र विकास पर जोर






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदि सेवा पर्व सेवा पखवाड़ा का आयोजन जिले के चयनित 186 ग्रामों में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत चयनित ग्रामों में आदि सेवा केंद्र की स्थापना कर जनजातीय समुदाय के लिये एकल खिड़की सुविधा केन्द्र बनाये जा रहे हैं। इस अभियान के तहत विलेज वर्कशॉप का आयोजन कर जन–जागरण रैली, ट्रांसेक्ट वाक एवं केंद्रित सामूहिक चर्चा कर ट्राईबल विलेज विजन का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही क्रिटिकल गैप को चिन्हांकित कर योजनाओ की संतृप्ति सुनिश्चित करने का लक्ष्य है। जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम नारागांव, बालोद विकासखण्ड के ग्राम अमोरा, लिमोरा, गोड़री, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम गंजईडीह, आतरगांव, रानाखुज्जी, मड़वापथरा, राघोनवागांव, गहिरा नवागांव, राघोनवागांव, अलिवार, कोटेरा, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा, भरएँटोला 43, बिटाल, बोरगांव, नर्राटोला, कुसुमटोला, मरकाटोला, पेण्ड्री एवं ग्राम बेलोदा में मास्टर ट्रेनर्स एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा विलेज वर्कशॉप का आयोजन कर आदि सेवा पर्व/सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत एवं स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई।

### तैयार होगा ट्राइबल विलेज विजन

उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों में आदि सेवा पर्व के दौरान जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा जैसी सेवात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत ट्राईबल विलेज एक्शन प्लान एवं ट्राईबल विलेज विजन 2030 तैयार किया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक गांव के लिए विकास का दीर्घकालिक रोडमैप बनेगा। 02 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में इन योजनाओं का अनुमोदन होगा। ग्राम स्तर पर आदि सेवा केन्द्र स्थापित किया जाएगा, जहां शिकायत निवारण और सेवा वितरण की व्यवस्था होगी। साथ ही ग्राम विकास योजना क्रियान्वयन कैलेंडर बनाया जाएगा, जिससे योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू हो सकेगी।

## आदि सेवा पर्व में गांव को समृद्ध करने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

ब्लाक अंतर्गत ग्राम आंतरगांव में स्थापित आदि सेवा केंद्र में सोमवार को आदि कर्म योगी अभियान अंतर्गत जन जातीय विकास एवं परिवर्तन हेतु व्यक्ति एवं संस्थाओं को सशक्त बनाकर उत्तर शासन व्यवस्था स्थापित करने हेतु सामुहिक सहभागिता एवं बहु विभागीय समन्वय के माध्यम से ग्राम का सामाजिक आर्थिक व बौद्धिक विकास करते हुए जन जातीय संस्कृति की गौरव की पुनर्स्थापना तथा सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है। इस परिकल्पना को साकार करने हेतु आदि सेवा पर्व कार्यक्रम में चरण बद्ध प्रक्रिया समाहित है।

जिसमें स्थानीय ग्राम में संचालित समस्त शासकीय विभाग की समुदाय के बीच उपस्थिति सुनिश्चित किया गया है जिसमें सामूहिक ट्रांस्जिक्ट विजिट के दौरान पूर्वजों द्वारा ग्राम में स्थापित व वर्तमान में प्रचलित जन जातीय संस्कृति व धरोहर गांव के जंगल खेत खार व सरहद में स्थापित प्राकृतिक देवी देवता चौंरा गुड़ी माता देवालय नदी नाला तालाब कुंआ बावली तथा स्थापित आधुनिक भौतिक संसाधन व उसके अंतराल का प्रत्यक्ष अवलोकन करना है। जिसे समुदाय के बीच में सामुहिक मान चित्रण किया जाता है। जिसका उद्देश्य ग्राम के आगामी विकास योजना को फलिभूत करने हेतु विकास का विजन निर्माण करना है जो ग्राम पुस्तिका से सम्बद्ध प्रपत्र में सामूहिक रूप से दर्ज किया जाता है।

उक्त कार्यक्रम को दिशा प्रदान करने हेतु विकास खंड मास्टर ट्रेनर एस के नंदा (बीईटीओ) विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही साथ आदि सहयोगी व साथी पंचायत प्रतिनीधी तथा सभी विभागों के स्थानीय कर्मचारी उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया गया । उक्त जानकारी ग्राम पंचायत सचिव द्वारा दिया गया।

## दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर ज्योति कलश प्रज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम बड़गांव स्थित प्रसिद्ध श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में इस वर्ष भी पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ क्वार नवरात्रि पर्व पर ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा 120 तेल व 33 घी की ज्योति प्रज्वलित की गई है, मंदिर समिति के अनुसार पूरे नौ दिनों तक विविध धार्मिक अनुष्ठानों और पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में ज्योति कलश स्थापना 22 सितंबर सोमवार को प्रातः 10 बजे से किया गया। इसके साथ ही नवरात्र पर्व का शुभारंभ हुआ। 26 सितंबर शुक्रवार को शाम 5 बजे पंचमी पूजन का विशेष आयोजन रखा गया है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर का रंग रोगन कर आकर्षक रूप से रंगीन झालर लाइटों से सजाया गया है, जिसमें धार्मिक वातावरण में भक्तिमय कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। 30 सितंबर, मंगलवार को दोपहर 3 बजे महाआरती एवं हवन का आयोजन होगा। इस अवसर पर विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण और सामूहिक आह्वान से पूरा वातावरण देवीमय होगा। इसके पश्चात 1 अक्टूबर, बुधवार को दोपहर 3 बजे ज्योति कलश विसर्जन के साथ नवरात्रि पर्व का समापन किया जाएगा। परंपरानुसार विसर्जन यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें भक्तगण माता रानी के जयकारे लगाते हुए सम्मिलित होंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे पूरे परिवार के साथ इस पावन अवसर में शामिल होकर माता रानी की आराधना कर धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ प्राप्त करें।

- मंदिर प्रांगण में नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान और पूजन कार्यक्रम

## गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि पर्व पर अखंड दीप प्रज्ज्वलित



**डौंडीलोहारा।** नगर के गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि पर्व पर विशेष आध्यात्मिक वातावरण में अखंड दीपक प्रज्वलित कर 24000 गायत्री महामंत्र जप का सामूहिक लघु अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर साधकों ने "मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण" के महान लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन सामूहिक जाप करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन, हवन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

उपस्थित साधकों ने संकल्प लिया कि पूरे नवरात्रि पर्व में सामूहिक रूप से मंत्रजप कर अपने अंतःकरण की ऊर्जा को जागृत करेंगे। इस अवसर पर सभी ट्रस्टीगण, व्यवस्थापक, एवं परिजन उपस्थित रहे और एक साथ लघु अनुष्ठान पूर्ण करने का निश्चय किया। गायत्री शक्तिपीठ द्वारा यह पहल समाज में आध्यात्मिक जागरण, सकारात्मक विचारधारा और सत्कार्यों के प्रति प्रेरणा देने हेतु की गई है। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम साधकों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त कर जीवन में नैतिकता, सदाचार और संस्कारों का विस्तार करने हेतु प्रेरित करेगा।

## नवरात्रि में मां गंगा मैया झलमला में महाप्रसादी वितरण

हरिभूमि न्यूज:बालोद




शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर सनातन धर्मियों का पावन तीर्थ मां गंगा मैया झलमला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड द्वारा निःशुल्क महाप्रसादी वितरण खराब मौसम के बावजूद पूरी श्रद्धा से सनातन धर्म के सेवार्थ एकम से प्रारंभ हो गया जो अष्टमी तक आयोजित है।

- सेवा का आयोजन झलमला मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन सुबह से शाम तक

इस महाप्रसादि सेवा की विषेशता है कि पर्यावरण के रक्षार्थ बिना प्लास्टिक डिस्पोजल के यह सेवा आयोजित कर समिति पर्यावरण रक्षा का संदेश देकर आग्रह करती है कि इसी तरह बड़े आध्यात्मिक, सामाजिक, मंगल और शोक के आयोजनों में स्टील बर्तन, थाली, गिलास, कटोरी का प्रयोग कर हम अनावश्यक खर्चों से बच सकते हैं और पर्यावरण रक्षण कर दोहरा लाभ ले सकते हैं। इस महाप्रसादी सेवा का दूसरा विषेशता यह की मां गंगा मैया में चल रहे सशुल्क पुड़ी सब्जी सेवा और अन्नपूर्णा सेवा को बिना प्रभावित किए समिति अपने मीनू के अनुसार लहसुन प्याज से रहित सात्विक महाप्रसादी निःशुल्क परोस कर माता दर्शन को पधारे सभी सनातन धमएँ भक्तों के साथ पद यात्रियों की सेवा सुबह 11 बजे से 5 बजे शाम तक अनवरत करती है। पिछले वर्ष समिति नवरात्रि में प्रतिपदा से अष्टमी तक 27000 से अधिक भक्तों के हाथों महाप्रसादी पहुचाने में सफल रही।

इस बार मौसम के तेवर को देखकर सेवा स्थान बालचंद नाहटा के परिसर में वॉटरप्रूफ पंडाल लगाया है ताकि बारिश होने पर भी सेवा बाधित न हो। जिसके तहत प्रथम दिवस मा शैलपुत्री पूजन और हनुमत पूजन के साथ समिति के भक्तों ने महाप्रसादी सेवा सुबह 11 बजे प्रारंभ किया, इस सेवा में आजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति के संरक्षक पुष्कर सिंह राजपूत, अध्यक्ष नाड़ी विशेषज्ञ गव्य सिद्ध डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष रमेश रावते, महासचिव योगेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष नेमी साहू, कार्यकारिणी सदस्य डॉ भागवत साहू, नरोत्तम साहू, मुरलीधर साहू,आनंद राम साहू, फकीर राम ठाकुर, संतराम साहू, मनीष दास मानिकपुरी, टेमीन साहू, डेमन यादव, कोमीन साहू, अनार साहू, रुक्मणि राजपूत, केकती साहू और रसोइया सूरजभान सिंह राजपूत, लीला साहू, बुधिया सहित अशोक साहू, कृष्ण कांत साहू सेवा दे रहे है। उक्तशय की जानकारी आजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड के अध्यक्ष समाजसेवी गोपुत्र पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने दी।



## टटेंगा स्कूल में ऊर्जा संरक्षण संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में ऊर्जा संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें ऊर्जा के परम्परागत व गैर परंपरागत तथा नवीकरणीय व अनविकरणीय ऊर्जा श्रोतों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आर के देवांगन ने बताया कि एक निश्चित समय पश्चात अनविकरणीय ऊर्जा श्रोतों के भण्डार समाप्त हो जाएंगे। जैसे पेट्रोलियम, कोयला आदि। ऐसे में हमें जल, पवन और सौरऊर्जा की उपयोगिता बढ़ानी है। जिनका नवीनीकरण किया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्याख्याता रेशमी साहू व हेपशीबा एंथोनी ने ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी खपत को कम करते हुए निर्भरता को खत्म करने की बात कही। साथ ही बचत करने के कुछ सामान्य तरीके बताए गए। यूथ एण्ड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि ऊर्जा की खपत को कम करना ही उसके संरक्षण का सही तरीका है। इसके लिए हमें गैर जरूरी चीजों की खपत कम करनी है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियो सहित व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, चंद्रा देबनाथ , पवन सिन्हा, रीना बोरकर, वेद प्रकाश साहू उपस्थित थे।

## रजत जयंती सेजस स्कूल में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण और जागरुकता कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** सेजस विद्यालय दुधली में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को टिटनेस का टीका लगाया गया एवं साइलेंट किलर बीमारियों (जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर आदि) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि इन बीमारियों का समय पर पता लगाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि समय रहते उपचार एवं जीवनशैली में सुधार कर स्वस्थ जीवन जिया जा सके। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, व्यायाम एवं स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने चिकित्सा दल का आभार व्यक्त किया एवं सभी को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में चिकित्सा दल में गोपाल साहू, वी मानकर, बी मंडावी तथा विद्यालय से मिलन सिन्हा, चित्रा साहू, निर्मला कोमिया, वीर सिंह ठाकुर, जे एल बढ़ाई, गरिमा खोब्रागड़े, तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### 17 से 2 अक्टूबर तक महिलाओं और बच्चों के लिए हेल्थ कैम्प

**बालोद।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलय के निर्देशानुसार जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान निरंतर जारी है। जिसके अंतर्गत जिले में हेल्थ कैम्प का आयोजन कर महिलाओं एवं बच्चों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवायें प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रलय के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं की स्वास्थ्य की जाँच, मातृत्व सेवाएं, शिशु व किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, जागरूकता कार्यक्रम, निक्षय मित्र पंजीयन, रक्तदान शिविर आदि का आयोजन किया जा रहा है।

## जनजातीय परिवारों को बैंकिंग सुविधा और साइबर फ्रॉड से सुरक्षा का दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियोगी अभियान अंतर्गत चल रहे आदि सेवा पर्व अंतर्गत चयनित ग्रामों में आयोजित गतिविधियों में जनजातीय परिवार के लोगों को बैंकिग सुविधाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें साइबर फ्रॉड से बचने जागरूक भी करें।

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में जिले के बैंकर्स को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने सभी बैंकर्स से कहा कि वे बैंक में संचालित सभी खातों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही उन्होंने क्रेडिट, डिपोजिट रेशियो, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में बैंक लिंकेज की जानकारी, जिला अंत्यावसायी के प्रकरणों सहित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के प्रकरणों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए।

- मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी और बैंक प्रबंधक सौरभ जैन समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर विशेष रूप से उपस्थित थीं। इसके अलावा बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सौरभ जैन एवं भारतीय रिजर्व बैंक के समन्वयक सहित विभिन्न बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मधुबन ग्राम संगठन आमसभा का आयोजन



**डौंडीलोहारा।** मधुबन ग्राम संगठन रेंगाडबरी में आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सीआरपी दीदियों ने कृषि से संबंधित फसल और सब्जियों में लगने वाली बीमारियों के रोकथाम के लिए दवाइयों और टॉनिक के विषय में लाभकारी जानकारी दी। इस आयोजन में महिलाओं को कृषि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, जिससे उन्हें अपनी फसलों की सुरक्षा और सुधार में मदद मिलेगी। सीआरपी दीदियों ने बताया कि फसलों में लगने वाली बीमारियों को कैसे पहचाना जाए और उनका इलाज कैसे किया जाए। उन्होंने दवाइयों और टॉनिक के उपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को कृषि संबंधी ज्ञान प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। आम सभा में उपस्थित महिलाओं ने सीआरपी दीदियों से कई सवाल पूछे और अपने अनुभव साझा किए। इस आयोजन से महिलाओं को बहुत लाभ हुआ और वे अपनी फसलों की सुरक्षा और सुधार के लिए नए तरीके सीखने में सक्षम हुईं।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ताओं और स्वच्छता दीदियों ने चलाया सफाई अभियान

**गुण्डरदेही।** ग्राम खपरी ब मे भाजपा कार्यकर्ता एवं स्वच्छता दीदियो के द्वारा सोमवार को गांव के साहू सामुदायिक भवन व अन्य चौक चौराहे पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर शक्ति केन्द्र सहसंयोजक कमलनारायण साहू, बुथ अध्यक्ष प्यारेलाल, छन्नू किरण चुरामन, चंद्रहास, रोहित, दूजराम, दूष्यत, कुलदीप एवं महेश्वरी पंच सरिताबाई, चितरेखा ननकी पार्वती, एवं ग्रामीण जन शामिल थे।

### 18 छात्राओं को सायकिल का वितरण किया



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरेदा में राज्य शासन के योजनांतर्गत सरस्वती निःशुल्क सायकल योजना सन 2025-26 के तहत कक्षा - 9वीं अध्ययनरत 18 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद उपाध्यक्ष वर्तमान शाला विकास समिति के अध्यक्ष हेमंत साहू सरपंच महेंद्र साहू, उपसरपंच राकेश निषाद पूर्व एसएमडीसी मोती राम साहू वृहत्ताकार सरकारी समिति के अध्यक्ष कमलेश पांडेय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरेदा के प्राचार्य छाया मिश्रा वरिष्ठ व्याख्याता बिसन कुमार मेकाम एवं सी. एल. साहू सरिता कोसिमा यामिनी साहू सुश्री माधुरी चतुर्वेदी विमला ध्रुव ग्रंथपाल विवेक चंद्राकर व्यावसायिक शिक्षक योगेश देवांगन व शिक्षक कुलेश्वर भारद्वाज उपस्थित थे।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला



**लाटाबोड़।** सोमवार को ग्राम लाटाबोड़ के हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अर्तगत मानव श्रृखला के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, जनदप सदस्य,स्वच्छ भारत मिशन के विकासखंड समन्वयक एवं स्कूल के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहें।

### श्री बाबा रामदेव मंदिर में चंद्रदर्शन महाआरती आज



**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर आज संध्या 7:30 बजे से चंद्रदर्शन महा आरती का आयोजन संपन्न होगा। समिति प्रमुख ने समस्त धर्म प्रेमी बन्धुओं से आरती में शामिल होने की निवेदन किया है।

पर्व

## शहरों और गांवों में भक्तिमय माहौल

# नवरात्रि के पहले दिन पंडाल और मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले मे नवरांत्र के पहले दिन मां दुर्गा की प्रतिमा को डीजे धुमाल, गाजे बाजे के साथ स्वागत करते हुए समितियों द्वारा मंडप मे लाए, जहां विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर स्थापना की गई।

वही जिले के प्रमुख मंदिरो मे पूजा अर्चना कर ज्योत जवारा प्रज्वलित की गई। क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा को जिले के शहरो के साथ ग्रामीण अंचलो के गांवो मे पिछले कुछ दिनो से मां दुर्गा के स्वागत की तैयारियां तेज हो गई थी जिसके तहत पंडाल सजाने से लेकर मंदिरो के रंग रोगन के कार्य किए गए थे इसी के तहत पंडालो व मंदिरो मे की गई लाईटिंग व देवी जस गीतो की धुनो से जिले के शहरो के साथ गांव भक्तिमय हो गए है। जहां सुबह पंडालो व मंदिरो मे तैयारियो को अंतिम रूप देने के बाद दोपहर से ही मां की मूर्तियो को पंडालो मे लाने का कार्य प्रारंभ हो गया था जहां मां की मूर्तियो को बाजे गाजे व डीजे धुमाल के लाया गया जहां माता की मूर्ति के पीछे पीछे माता सेवा गीत गाते महिलाएं व पुरुष पारंपरिक वाद्ययंत्रे के माध्यम से सेवा गीत गाते दिखे। जहां माता की स्थापना के बाद सेवा गीत के माध्यम से सेवागीत गाने वाले माता मंदिरो के साथ पंडालो मे पहुंचकर माता सेवा गीत गाते दिखे। जहां विभिन्न पंडालो मे माता के विभिन्न रूपो के दर्शन श्रद्वालुओ को हो रहा है।

### ग्रामवासियों ने शीतला माता प्रांगण में ज्योत जलाकर की पूजा-अर्चना



**गुरूर।** ग्राम डोकला में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर शीतला माता प्रांगण में समस्त ग्राम वासियों द्वारा आस्था के ज्योत जलाए गए, जिसमें ब्राह्मण द्वारा सुबह 11 बजे मंत्रेचार के साथ पूजा अर्चना की गई। शीतला माता प्रांगण में नवरात्रि के पावन पर्व पर माता काली की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर शीतला समिति अध्यक्ष तुलसी राम, ग्रामीण अध्यक्ष सूखीत राम, घसिया राम, बंशी लाल, राकेश तुकेश, भूपेश, टोकेश्वर, महेंद्र, दुकालू सहित समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा।

### नगर व ग्रामीण अंचलों में नवरात्रि की धूम



**गुरूर।** शारदी नवरात्रि 22 सितंबर से आरंभ हो गया है, जहां नगर सहित ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालुओं द्वारा दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है एवं देवी मंदिरों में आस्था की ज्योत जलाकर सुख समृद्धि की कामना की गई। ग्राम ठेकवाडीह में क्वांर नवरात्रि में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई है, ब्राह्मण द्वारा मंत्रैचार के साथ पूजा अर्चना कर मां दुर्गा की उपासना की गई। नवरात्रि के पहले दिन ग्राम मे पूरे कामकाज बंद रखा गया था जहां समस्त ग्रामीणों द्वारा धूमधाम से मां दुर्गा के आगमन को लेकर उत्साहित नजर आए। समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन सुबह शाम पुजा अर्चना कर रात्रि में माता सेवा भजन किया जाएगा।

### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने मां बम्लेश्वरी से की सुख-समृद्धि की कामना



**अंडा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर अपने एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव जिले के धर्म नगरी डोंगरगढ़ पहुंचे। उन्होने सपरिवार मां बम्लेश्वरी देवी के दरबार पहुंचकर उनके दर्शन किये और पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना। साथ ही वे नीचे छोटी मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर उनका आशिर्वाद लिया।

### नगरवासियों ने विधि-विधान से माता चंडी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की



**गुण्डरदेही।** नगर के सबसे पुराने और प्रसिद्ध चंडी मंदिर में नवरात्र पर सोमवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ ज्योति कलश की स्थापना की गई। इस दौरान, माता रानी के दर्शन और पूजन के लिए कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। चंडी मंदिर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की बेटी नेवृत्ति कंवर और उनके दामाद तिमिरेंदु शेखर कंवर ने भी शिरकत की। उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक राजेंद्र राय और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गीता देवी राय भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर मंदिर में विधि–विधान से पूजा–अर्चना की और पूरे नगर की सुख–समृद्धि के लिए माता का आशीर्वाद लिया।

# कालिन मां मंदिर में आज देव दशहरा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



■ मां के दरबार में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

विकास खण्ड के ग्राम पंचायत करेंझर के आश्रित ग्राम कंकालिन के खारुन नदी के उदगम स्थल पर बसे पत्थर फोड मां कंकालीन मैयाा है। जिसके दर्शन के लिए दूर–दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। मां कंकाली मंदिर में विशेष मान्यता है कि नवरात्र के प्रथम मंगलवार को देव दशहरा मनाया जाता है। क्वांर मास के शुक्ल पक्ष के पहले मंगलवार 23 सितम्बर को देव दशहरा होता है।

मान्यता है कि मां कंकालीन ने वर्षों पुरानी एक आदिवासी चिराम मरई ठाकुर को पत्थर फोड कर दर्शन दी थी। इसलिए क्षेत्र मे पत्थर फोड देवी के रूप मानते हैं और आठ पीढ़ी तक मरई ठाकुर परिवार ही पुजारी का काम करते आ रहे थे। वर्तमान में कोमर्रा परिवार से रामकुमार कोमर्रा पुजारी का काम कर रहे हैं। समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष डां. पीआर ठाकुर ने बताया कि मां कंकालीन देवी क्वांर मास के शुक्ल पक्ष के पहले मंगलवार को सर्व प्रथम देव दशहरा होता है। या पितृपक्ष के बाद पहला मंगलवार, भादो मास के शुक्ल पक्ष के पहले मंगलवार को बाल चढ़ाया जाता है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष के पहले मंगलवार को माता कंकालीन का फाल्गुन त्योंहार मनाया जाता है और कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के पहले मंगलवार को मंडई मनाया जाता है। यह मान्यता वर्षों पुरानी पूर्वजों ने चलाते आ रहे हैं, जिसे आज भी क्षेत्र वासियों ने अपनी परंपरा को बनाए रखें है। यह कंकालीन मां बालोद, कांकेर, धमतरी तीनों जिला के बीच में स्थित है, जहां हजारों की भीड़ में श्रद्धालु जन आते है। अपना मन्नत मांगते हैं और मां कंकालीन सबकी मनोकामना पूर्ण करती हैं। यहां दोनो पर्व क्वांर एवं चौत्र नवरात्रि में ज्योति प्रज्जवलित करते है। समिति के लोगो ने बताया कि यहां 800 साल पत्थर फोड़ देवी कंकालिन मंदिर में पुरानी परंपरा के अनुसार क्वांर नवरात्रि में 23 सितंबर को कंकालिन दशहरा पर्व का आयोजन किया गया है। जिसमे छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित उच्च शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव का भी आगमन हो रहा है। जिसमे समिति के लोग तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

### करेंझर में एक दिवसीय डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**गुरूर।** ग्राम पंचायत करेंझर के आश्रित ग्राम मरकाटोला मे नवयुवक समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 23 सितम्बर को कंकालिन दशहरा पर्व के अवसर पर एक दिवसीय डी जे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उमेश टेकाम ने बताया कि 23 सितम्बर को शाम 4 बजे नया कलामंच का लोकार्पण विधायक संगीता सिन्हा करेगी। समिति के अध्यक्ष लोचन नेहरु, परस टेकाम ने बताया कि सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10,001 रुपये, दितीय पुरस्कार 7001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 4001 रुपये, युगल नृत्य प्रथम पुरस्कार 6001 रुपये, दितीय पुरस्कार 3001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये एवं एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपये, दितीय पुरस्कार 2001 रुपये व तृतीय पुरस्कार 1501 रुपये रखी गई है। कृष्णकांत ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद सदस्य कौशिल्या चन्द्रवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रभात धुव, पूर्व जिला पंचायत सभापति मीना सत्येन्द्र साहू, सरपंच कन्हैया राम साहू के आतिथ्य मे होगा।

# तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



नव सृजन युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 30 मंडलियों ने हिस्सा लिया।

जिसमे प्रथम पुरुस्कार जय बजरंग रामधुनी मंडली लासाटोला, द्वितीय जय श्री राम रामधुनी मंडली नीचेकोहडा, तृतीय जय मां कर्मा रामधुनी मंडली गुजरा (भखारा) एवं झांकी मे संगी जहूरिया रामधुनी मंडली छिपली, व्याख्या मे जत्य चारोधाम रामधुनी मंडली बारना(कुरुद), संगीत मे जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली भंवरमरा, गायन मे जय श्री राम रामधुनी मंडली नोचेकोहडा एवं वेशभूषा मे जय अम्बे रामधुनी मंडली कंचना(भखारा) को अतिथियों ने पुरुस्कार प्रदान किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति चद्रिरका गंजीर ने कहा समाज को आगे बढाने के लिए युवाओं का जिम्मेदारी जरुरी है। भगवान राघवेंद्र के बताए मार्ग में चलना जरुरी है।अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य तानसिह देहारी ने कहा कि रामधुनी मे सत्संग की प्राप्ति होती है। जीवन मे सत्संग का बडा महत्व है।

गोस्वामी तुलसीदास के बताए मार्ग में चलने से जीवन में सत्य मार्ग प्रशस्त होती है। सरपंच सतरूपा निषाद ने कहा कि मानव जीवन के लिए रामनाम का अध्ययन एवं राम के आदर्श को जीवन मे आत्मसात करने की जरुरत है। सभा को दुलार साहू, ग्राम पटेल पेंवरो भूपेश गंजीर, पूर्व सरपंच मनोहर किशोर ने भी संबोधित किया। निर्णायक मे पेंवरो निवासी मनोहर किशोर, संतानू साहू धनोरा थे। ठेकवाडीह निवासी प्रेमलाल साहू, राजकुमार साहू, उमेश ठाकुर, बहुर ठाकुर, लोमश निषाद एवं आयोजन समिति का योगदान रहा।

# सेवा पखवाड़ा के तहत नमो मैराथन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक मनाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा दिवस' के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 24 सितंबर को सुबह 07.30 बजे से जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया, और नशा मुक्त भारत थीम पर 'नमो मैराथन' का आयोजन किया जाएगा।

समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि नमो मैराथन कार्यक्रम में 18 वर्ष से कम आयु के बालक–बालिकाएं तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला, पुरुष हेतु पृथक–पृथक वर्ग बनाये गये हैं। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीयन 23 सितंबर को जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग, राजस्व कॉलोनी परिसर, गंगानगर झलमला में सुबह 10 बजे से करा सकते हैं।

पंजीकृत प्रतिभागी को नमो मैराथन टी शर्ट प्रदान किया जाएगा। विजेता प्रतिभागियों को समाज कल्याण विभाग कार्यालय झलमला में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के माध्यम से पुरस्कार राशि का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 4.50 किमी का नमो मैराथन जिला कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर अटल विहार कॉलोनी, शासकीय माध्यमिक शाला सिवनी, खेल मैदान, राजस्व कॉलोनी, समाज कल्याण विभाग, उद्यानिकी विभाग, कलेक्टोरेट चौक, विश्राम गृह आदमाबाद वृद्धाश्रम से होते हुए वापस कलेक्टोरेट परिसर पर खत्म होगा।

उल्लेखनीय है कि नमो मैराथन का मुख्य उद्देश्य 'आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया, और नशा मुक्त भारत के संदेश को जन–जन तक पहुंचाना है। यह आयोजन न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देगा, बल्कि यह युवाओं और नागरिकों को देश के विकास और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रेरित करेगा।

इस आयोजन के माध्यम से बालोद जिला प्रशासन द्वारा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और लोगों को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।

## धनेली की बंजर जमीन बनी रोजगार का साधन




**गुरूर।** ग्राम पचांयत धनेली में तेजी से गिरते हुए भूजल स्तर की ध्यान में रखते हुए सामुदायिक डबरी का नवीनीकरण एवं गहरीकरण का कार्य जलसंरक्षण एवं कृषि कार्य को प्राथमिकता और ग्रामीण परिवारो को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्वेश्य से ग्राम पंचायत द्वारा उक्त कार्य प्रस्ताव जीपीडीपी कार्य योजना सम्मिलित किया गया। जिसकी प्रशासकीय स्वीतकृति 4.09 लाख रूपये है। साथ ही उक्त कार्य से 126 परिवार को 1409 मानवदिवस का रोजगार भी प्रदाय किया गया। कार्य से पूर्व एवं कार्य पूर्ण होने से सामुदाय को लाभ प्राप्त हुआ। बंजर जमीन का उपयोग छोटे डबरी तालाब के रूप में निर्माण किया गया है, जिसे भूमिहीन कृषक मीना निषाद को ग्राम पंचायत द्वारा 6000 रू. सलाना लीज पर दिया गया। मीना निषाद डबरी का उपयोग मछली पालन और तालाब के किनारे में सॉग– सब्जी तथा अरहर और फूलो की खेती के लिए कर रही है। कुछ ही महीनो की देखरेख से बाद अच्छी कमाई होने लगी है जिससे हितग्राही की परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

## सुविख्यात कवि सुरजीत नवदीप को दी श्रद्धांजलि



**गुण्डरदेही।** छत्तीसगढ़ के सुविख्यात कवि स्वर्गीय सुरजीत नवदीप के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला इकाई बालोद एवं सरस साहित्य समिति गुण्डरदेही द्वारा श्रद्धांजलि दिया गया। कवियों ने कवि सुरजीत नवदीप के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि साहित्य में कवि सम्मेलन का शुरुआत करने में उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता, वे अपनी शैली से कविता को सरस व रोचक बना देते थे। श्रद्धांजलि देने वालों में बुद्ध सेन शर्मा, सीताराम साहू श्याम गोरेलाल शर्मा, केशव राम साहू, द्रोण सरवा, जयकांत पटेल, गजपति राम, शिवकुमार अंगारे, रमेश यादव, माखनलाल, पुस्कर सिंह राज, सुन्दर लाल गंधर्व, पूषण लाल साहू, दानेश्वर सिन्हा,प्यारे देशमुख, दिनेश्वर चंद्राकार शमिल हुए।




### बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

**बालोद।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बालोद के संयुक्त तत्वाधान में 25 सितंबर को सुबह 10 बजे ग्राम सिवनी एवं ग्राम झलमला में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी राहत एवं आपदा प्रबंधन शाखा अजय किशोर लकरा ने बताया कि यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।




## माता कर्मा मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा व कमला सदन लोकार्पण 28 सितंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के कार्यालय भवन में श्रीकृष्ण माता कर्मा मूर्ति का प्राणप्रतिष्ठा व कमला सदन का लोकार्पण एवं दाऊ उत्तम साव पुण्य तिथि संस्मरण का आयोजन 28 दिन रविवार को रखा गया है।

कार्यक्रम सुबह 09:30 बजे से कलश यात्रा,10:30 बजे प्राणप्रतिष्ठा प्रारंभ,अतिथियों का आगमन दोपहर 1 बजे स्थान-तहसील साहू संघ कोनारी में सम्पन्न होगा।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व गृह मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग. ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता.अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग डॉ. नीरेन्द्र साहू,विशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, नंदलाल साहू,पूर्व मंत्री म.प्र. शासन पूर्व अध्यक्ष साहू संघ म.प्र. जागेश्वर साहू,पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन रमशीला साहू,पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू,अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड छ.ग. शासन जितेन्द्र साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छ.ग. शासन दीपकताराचंद साहू, पूर्वअध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. राजेन्द्र साहू,विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग श्रद्धा साहू,सभापति जिला पंचायत दुर्ग सुश्री प्रिया साहू,सरपंच ग्राम पंचायत कोनारी गुंजेश्वरी पारख जौहरी, अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन दिनेश साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग शहर पोषण साहू,अध्यक्ष तहसील साहू संघ धमधा श्यामलाल साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ अहिवारा ढालसिंह साहू, तहसील अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण पूसऊ राम साहू, महासचिव उमाशंकर साहू सहित तहसील साहू संघ, समस्त परिक्षेत्रीय साहू, समस्त ग्रामीण साहू समाज उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी तहसील साहू संघ के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र कुमार साहू ने दी।

